बाबा इतना बता | by Anjali Dwivedi

ओ बाबा इतना बता अब मैं जाऊं कहाँ
जो ना मिला था कहीं वो मिला है यहाँ
ओ बाबा ....

तेरी माया कोई समझ नहीं पाया
हारे हुए को गले से लगाया
गिर नहीं जाऊं कहीं मैं थक चूका हूँ
चल नहीं पाऊं अब मैं रुक चूका होऊं
ओ बाबा भटकूं ना मैं अब यहाँ से वहां
जो ना मिला था कहीं वो मिला है यहाँ
ओ बाबा ....

करता हूँ विनती तेरे दर पे आकर
मुझको बना ले बाबा तू अपना चाकर
भक्ति के रस में रखना अपने डुबाकर
सुधर जाए जीवन तेरे गुण गाकर
ओ बाबा चरणों में थोड़ी देदे अपने जगह
जो ना मिला था कहीं वो मिला है यहाँ
ओ बाबा ....

मेरा परिवार चले तेरे ही सहारे
इस गुलदस्ते में तुमसे बहारें
छोटे छोटे फूल कहीं मुरझा ना जाए
इसीलिए बाबा तेरी शरण में आये
ओ बाबा कर दे ना माफ़ अंजलि के गुनाह
जो ना मिला था कहीं वो मिला है यहाँ
ओ बाबा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-anjali-dwivedi/